दिनांकः 05.08.2024
समय : 01:00 पी.एम.
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर बरसात का सिलसिला जारी है। राज्य के कई बांध लबालब हो गए हैं। जयपुर का कानोता बांध ओवर फ्लो हो गया है और इस पर चादर चल रही है। 26 फीट भराव क्षमता वाले फुलेरा स्थित कालख सागर बांध में 12 साल बाद पहली बार पानी की आवक हुई है। टोंक जिले के बीसलपुर बांध के कैचमेंट एरिया में पिछले 12 घंटे से लगातार हो रही बारिश से बांध में पानी की अच्छी आवक हुई है। बांध नियंत्रण कक्ष के अनुसार, आज सुबह बांध का जलस्तर 310 दशमलव तीन आठ आरएल मीटर दर्ज किया गया है। भारी बारिश से कई स्थानों पर अतिवृष्टि जैसे हालात बन गए हैं। निचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आज कई जिलों में बारिश के कारण सरकारी और निजी स्कूलों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में अवकाश रखा गया है। अजमेर और जोधपुर में जिला कलेक्टरों ने कल के लिए भी अवकाश घोषित किया है। जोधपुर के बोरानाड़ा क्षेत्र में भारी बारिश के कारण आज सुबह एक फैक्ट्री की दीवार ढहने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। एक मजदूर की हालत गंभीर बनी हुई है। मलबे में करीब 13 श्रमिक दब गए थे। घायलों का मथुरा दास माथुर अस्पताल में उपचार चल रहा है। सभी मजदूर कोटा और मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं।

तेज बारिश के चलते रेल यातायात प्रभावित हो रहा है। जोधपुर मण्डल के केरला–पाली मारवाड़ यार्ड के बीच जलभराव हो जाने के कारण रेल यातायात प्रभावित हुआ है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि आज बिलाडा–जोधपुर रेल सेवा को रद्द किया गया है। वहीं बीकानेर–पुणे रेलगाड़ी बीकानेर से रवाना होकर मेड़ता रोड–फुलेरा–अजमेर–मारवाड़ जंक्शन होकर संचालित की जा रही है। लालगढ़–दादर रेलसेवा परिवर्तित मार्ग से चलाई जा रही है। इंदौर–जोधपुर रेलगाडी को भी मार्ग बदलकर चलाया जा रहा ह।

आज तीसरा वन सोमवार है। इस अवसर पर प्रदेशभर के शिवालयों सहित जयपुर के सभी शिव मंदिरों में उत्सव जैसा माहौल है। सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। शिव मंदिरों में विशेष सजावट की गई हैं। जयपुर के ताड़केश्वर महादेव, झारखंड महादेव और अन्य शिवालयों में पूजा–अर्चना का सिलसिला जारी है। झुंझुनूं के रुपनाथ जी धाम से लोहार्गल के लिए आज से कांवड़ यात्रा रवाना हुई। टोंक के मंशापूरण महादेव और बीसलपुर बांध स्थित गोकणेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। सवाईमाधोपुर के शिवाड़ स्थित घुश्मेश्वर महोदव मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों में सहस्त्रघट और रूद्राभिषेक के आयोजन हो रहे हैं।

जयपुर ग्रेटर नगर निगम की ओर से आज हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि जयपुर के मानसरोवर में होने वाले इस महोत्सव की थीम गुलाबी लहरिया रखी गई है। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में महिलाओं के लिए कई तरह की प्रतियोगिताएं रखी गई हैं। इनमें मेहंदी, थाली मेकिंग, बणी ठणी और घेवर बनाने जैसी कई प्रतियोगिता शामिल हैं। महापौर ने बताया कि इस अवसर पर सबसे बड़ा घेवर बनाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया जाएगा। डॉ. गुर्जर ने बताया कि तीज का झूला, घेवर, तीज की सवारी और पूजन तथा तीज के महत्व के बारे में बताया जाएगा। साथ ही स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की ओर से हस्त निर्मित उत्पादों की स्टॉल्स भी लगाई जाएंगी।

भरतपुर में हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया किया गया। महोत्सव में महिलाओं ने बृज के लोक गीतों पर नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

अजमेर के काजीपुरा भैरव घाटी पर जल्दी ही लेपर्ड सफारी शुरू होगी। इसके लिए वन विभाग ने कवायद तेज कर दी है। लगभग 18 करोड़ रुपये की लागत सेये लेपर्ड सफारी बनाई जाएगी।

....